समाचार

# दो वार्डो को मिली 30 लाख रू. के स्ट्रीट लाईट की सौगात

## (महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने किया उक्त सड़क रोशनी व्यवस्था का लोकार्पण)




कोरबा 25 अक्टूबर 2019 –महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने आज वार्ड क्र. 30 एवं वार्ड क्र. 09 में 30 लाख रूपये की लागत से निगम द्वारा स्थापित की गई स्ट्रीट लाईटों का लोकार्पण किया। उन्होने लोकार्पण पट्टिका का अनावरण एवं स्वीच आन कर सड़क रोशनी व्यवस्था को जनता की सेवा में समर्पित किया।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा वार्ड क्र. 30 दादर से मानिकपुर को जोड़ने वाले मार्ग पर 19 लाख 51 हजार रूपये की लागत से सड़क रोशनी व्यवस्था का कार्य कराया गया है। इसी प्रकार वार्ड क्र. 09 कर्रानाला मोड़ से छिंदभांठा बस्ती तक 10 लाख 51 हजार रूपये की लागत से स्ट्रीट लाईटे स्थापित कराई गई हैं। उक्त दोनों स्थानों पर पृथक–पृथक आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने इन सड़क रोशनी व्यवस्थाओं का लोकार्पण किया, उन्होने लोकार्पण पट्टिका का अनावरण एवं स्ट्रीट लाईटों का स्वीच आन कर उक्त सड़क रोशनी व्यवस्थाओं को आमनागरिकों की सेवा में समर्पित किया। इस अवसर पर महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने कहा कि निगम द्वारा विगत पौने 05 वर्षो के दौरान अन्य विकास व निर्माण कार्यो के साथ–साथ निगम क्षेत्र की लगभग सभी विद्युतविहीन बस्तियों, मोहल्लों, ग्रामों एवं मार्गो में बिजली की सुविधा उपलब्ध कराई गई है तथा बरसों से अंधेरे में डूबी बस्तियों व मार्गो पर प्रकाश की व्यवस्था की गई है, जो थोड़े बहुत कार्य शेष बचे हैं, उन्हें भी शीघ्र ही पूरा किया जाएगा।

लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य सीताराम चौहान, पार्षद मदनसिंह कंवर, कुसुम द्विवेदी, अर्चना उपाध्याय, अरूण यादव, निगम के सहायक अभियंता विपिन मिश्रा, अमन पटेल, रामचरण, पुरूषोत्तम, जवाहर प्रसाद, रामकरण आदि के साथ काफी संख्या में वार्डो के नागरिकगण उपस्थित थे।